हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

4

कमतरा, कुनकुरी नशा मुक्त ग्राम, ग्रामीणों ने लिया संकल्प



## खबर संक्षेप

### सुशासन शिविर में किसान को मिला केसीसी कार्ड


**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामवासियों का आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड, पेंशन स्वीकृत आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को नया भवन की चाबी सौंपी जा रही हैं। ग्रामवासी केन्द्र शासन और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ शिविर में उठा रहे हैं। जशपुर विकास खंड के ग्राम बरगांव डूमर टोली निवासी फ्रांसीस एक्का को जशपुर विकास खंड के ग्राम बोखी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में केसीसी कार्ड बनाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपा गया। किसान ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि खेती करने के लिए केसीसी कार्ड से खाद बीज लेने में होगी आसानी।



### प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नया रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत जिला जशपुर की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तपकरा में 'शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई से 15 जून तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश नियमावली का भली-भांति अध्ययन कर लें। नियमों की जानकारी के अभाव में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### जिले में 5.5 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 59.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 जून तक औसत वर्षा 89.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 5.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 5.3 मिमी, मनोरा में 16.3 मिमी, कुनकुरी में 4.7 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 8.2 मिमी, बगीचा में 3.2 मिमी, कांसाबेल में 17.7 मिमी, पत्थलगांव में 0.8 मिमी, सन्ना में 3.4 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 17.7 मिमी दर्ज की गई है। 04 जून को सर्वाधिक मनोरा में 2.1 मिमी वर्षा हुई।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन चालक के लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिरौली निवासी शालिक राम आ. धरम पाल (30 वर्ष) 1 जून को परिचित का बाइक लेकर अकेले अपने साढू के यहा दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सिमरो मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार कर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिचित लोगों ने घायल को बिजूरी अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात परिजन को घटना की सूचना दी। परिजन बिजूरी अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल को अनुपपुर रेफर कर दिया जिस पर परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया।

# नगर पालिका के दोनों वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 एवं 14 में पार्षद पद हेतु संपन्न उपचुनाव के परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। दोनों वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

- वार्ड नंबर 8 में प्रेमलता और वार्ड नंबर 14 में प्रिया ने जीता चुनाव

वार्ड क्रमांक 8 में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी प्रेमलता साहू ने कांग्रेस समर्थित उर्मिला भगत को 164 मतों के अंतर से पराजित किया। प्रेमलता साहू को कुल 381 मत प्राप्त हुए, जबकि उर्मिला भगत को 217 मत मिले। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 14 में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रिया सिंग ने कांग्रेस समर्थित प्यारी कुजूर को 90 मतों से हराकर विजय हासिल की। प्रिया सिंह को कुल 186 मत प्राप्त हुए, जबकि प्यारी कुजूर के पक्ष में 96 मत पड़े। उपचुनाव की समस्त निर्वाचन प्रक्रिया प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के, उप जिला निर्वाचन अधिकारी समीर बड़ा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय तथा सहायक अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद चौहान सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।





### बनाए गए थे तीन मतदान केंद्र

उपचुनाव के लिए कुल तीन मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। वार्ड क्रमांक 8 के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय जशपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 8 एवं 9 तथा वार्ड क्रमांक 14 के लिए शासकीय विजयभूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय जशपुरनगर में मतदान केंद्र क्रमांक 18 बनाया गया था। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी तथा एक सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई थी।

## राष्ट्रीय स्तर पर चमका सरडीह का नाम

# स्वच्छ एवं हरित ग्राम श्रेणी में सरडीह पंचायत को देश में मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरडीह ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ग्राम पंचायत सरडीह को पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार के अंतर्गत थीम-5 स्वच्छ एवं हरियाली ग्राम श्रेणी में संयुक्त रूप से देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

- दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित हुई ग्राम पंचायत

इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। यह सम्मान 3 जून को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत सरडीह की ओर से सरपंच रामजी राम भगत एवं सचिव ईश्वर प्रसाद यादव ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज ⏭ शेष पेज 4 पर



### कलेक्टर ने की सराहना

इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समस्त ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि सरडीह की सफलता जनभागीदारी, नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने भी ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरडीह ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आदर्श स्थापित किया है, जिससे अन्य पंचायतों को भी सीख लेने की आवश्यकता है।

### बदली गांव की तस्वीर

लगभग 454 परिवारों वाले सरडीह ग्राम पंचायत में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय भी निवासरत है। ग्राम पंचायत ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया है। गांव के सभी घरों में शौचालयों का उपयोग सुनिश्चित किया गया है तथा सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है। गांव में सप्ताह में एक दिन स्वच्छताग्राही समूह एवं ग्रामीणों द्वारा सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जिससे गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है, जिससे भू-जल स्तर में सुधार हुआ है और जल उपलब्धता बढ़ी है।

### राष्ट्रीय पुस्तक में मिली विशेष पहचान

कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्रालय द्वारा देशभर की उत्कृष्ट पंचायतों की उपलब्धियों पर आधारित विशेष पुस्तक ‘राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025’ का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक में ग्राम पंचायत सरडीह के स्वच्छता, हरित विकास, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं सामुदायिक सहभागिता संबंधी उल्लेखनीय कार्यों को विशेष स्थान दिया गया है। पुस्तक की प्रति पंचायत प्रतिनिधियों को भी प्रदान की गई।

### सामूहिक प्रयासों का मिला राष्ट्रीय सम्मान

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार ग्रामीण भारत में समावेशी, सहभागी एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार पंचायतों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शासन, सेवा वितरण और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हैं। ग्राम पंचायत सरडीह को प्राप्त यह सम्मान गांव के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वच्छताग्रहियों और समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल जशपुर जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है और स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

## थाने के पास आदिवासी महिला की मौत, जांच की मांग



**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना परिसर में आदिवासी महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने एसएसपी से की मुलाकात

शुक्रवार को विगत दिन पहले नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील गुप्ता ने डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल आत्महत्या का मामला नहीं, बल्कि कई गंभीर परिस्थितियों और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करने वाली घटना है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में थाना परिसर के भीतर हुई इस ⏭ शेष पेज 4 पर

### रात 2 बजे डायल-112 से मांगी थी मदद

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि घटना से पहले रात करीब दो बजे महिला ने डायल-112 वाहन को रोककर अपनी परेशानी बताई थी। यही तथ्य अब पूरे मामले का सबसे बड़ा सवाल बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि महिला ने पुलिस से मदद मांगी थी तो उसे रात के समय अकेले छोड़ देना गंभीर लापरवाही माना जाएगा। पुलिस की जिम्मेदारी थी कि महिला की स्थिति को समझते हुए उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाता या उसके परिजनों से संपर्क किया जाता। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर महिला ने पुलिस को क्या बताया था। वह किस परेशानी में थी और डायल-112 की टीम ने उस सूचना को कितनी गंभीरता से लिया।

### रिकॉर्डिंग सार्वजनिक करने की मांग

विनयशील गुप्ता ने कहा कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए डायल-112 में हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग ⏭ शेष पेज 4 पर

# अधीक्षण अभियंता ने पीएमजीएसवाई सड़कों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**पत्थलगांव।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधीक्षण अभियंता सोहन चंद्रा द्वारा बरसात के पूर्व जिले के पीएमजीएसवाई की संधारित सड़कों का निरीक्षण किया जा रहा है। उनके द्वारा बरसात के पूर्व सभी पुल पुलियों एवं नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर कच्ची नालियों के व्यवस्था करने, दुर्घटना हो सकने वाले जगहों पर बोर्ड लगाने,सड़क में सभी पैच वर्क और पॉट होल भरने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम डांगूडीह में पीएमजीएसवाई के सड़क पालीडीह से कटंगजोर लंबाई 13 किमी. में जल जीवन मिशन के कार्य में बिना अनुमति सीसी रोड को तोड़कर पाइप लाइन का कार्य कराया जा रहा था। कार्य तकनीकी रूप से नहीं होने पर अधीक्षण अभियंता द्वारा नाराजगी जताई गई। तथा जलजीवन मिशन के उपभियंता, ठेकेदार को बुला कर कार्य तकनीकी रूप से फिलिंग कार्य करने निर्देश दिए गए। साथ ही विभाग से अनुमति पश्चात ही कार्य करने कहा गया। साथ ही जहां पर जलजीवन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहां भी शासन के निर्देशानुसार कार्य ठीक करने निर्देशित किया गया।



# बकरी चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया कुख्यात नट गिरोह का सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने बकरी चोरी करते कुख्यात नट गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। आरोपी के कब्जे से 1 नग बकरी, घटना में प्रयुक्त टांगी, मोबाईल, टार्च, टेप जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी किशुन राम उम्र 35 साल निवासी लोदाम बैगाटोली ने 3 जून को थाना लोदाम में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह अपने घर में 9 नग बकरा, बकरी पालकर रखा है, उक्त बकरा,बकरी को 2 जून की रात्रि में उसके घर के गोहार में बांधकर रखा था एवं रात्रि में अपने घर में सो गया। उसी रात्रि में लगभग 2 बजे उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसके घर के बाहर एक गाड़ी काफी देर से खड़ा है, जिसमें से 2-3 तीन लोग उतरकर ईधर-उधर घूम रहे हैं, थोड़ा देख लो। पड़ोसी के यह कहने पर घर के कमरे से बाहर निकलने लगा तो देखा कि उसके घर के दूसरे कमरे का दरवाजा खुला है, एवं वहां रखे पेटी,अलमारी इत्यादि का ताला तोड़कर सामान इत्यादि को बिखरा छोड़ दिया गया है, कमरे से किसी प्रकार का सामान चोरी नहीं हुआ था। तब प्रार्थी ने अपने घर के गोहार में जाकर देखा कि वहां का दरवाजा टूटा हुआ है एवं वहा से 1 नग बकरा कीमती 10 हजार रूपए एवं 1 नग बकरी कीमती 7 हजार रू. को कोई ले जा चुका था। घर के बाहर आने पर ग्रामीणों के आवाज आने पर मौके पर जाकर देखा कि ग्राम कोटवार एवं अन्य व्यक्ति एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़कर रखे थे जिसे पूछने पर अपना नाम अनीश खान नाम बताया, उसके कब्जे से छिपाकर रखे 1 नग बकरी एवं चोरी करने में प्रयुक्त सामान इत्यादि को जप्त किया गया। अनीश खान के साथीगण कार से भाग गये। ग्रामीणों द्वारा उक्त व्यक्ति को लोदाम थाना के सुपूर्द कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी अनीष खान ने अपने को कुख्यात बादी (नट) गिरोह का सदस्य होना बताया है एवं सीतापुर से कार से अपने साथियों के साथ चोरी करने आना बताया है। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 4 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



- आरोपी के विरूद्ध अन्य थाना में भी अपराध दर्ज, बारीकी से जांच की जा रही

### की जा रही कार्रवाई

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि सीतापुर क्षेत्र निवासी कुख्यात बादी (नट) गिरोह के एक सदस्य को लोदाम क्षेत्र में चोरी करते समय जागरूक ग्रामीणों के सहयोग से रंगे हाथों पकड़ा गया है। उसके अन्य साथियों की सघन तलाश एवं पतासाजी की जा रही है तथा उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में अपराध दर्ज हैं। सभी प्रकरणों की बारीकी से जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## माता पार्वती के तप की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के प्रतीक हैं शिव

**पत्थलगांव।** पुरुषोत्तम मास पर अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय दिव्य शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में हुआ। कथा के प्रथम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

- श्रीश्याम मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

प्रयागराज से आए आचार्य पवन कुमार ने व्यासपीठ से कथा का रसपान कराते हुए भगवान शिव के दिव्य स्वरूप और उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व विधिवत व्यास गद्दी पूजन एवं भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद सायं 4 बजे से प्रारंभ हुई कथा रात्रि 7 बजे तक चली, ⏭ शेष पेज 4 पर





### कथा स्थल की आकर्षक सजावट

समिति ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा स्थल की आकर्षक सजावट, सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं और आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। अग्रवाल महिला मंडल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाली श्री श्याम सेवा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पंडाल में गूंजे शिव स्तुति के स्वर

भजन, संगीतमय प्रसंग और शिव स्तुति के मधुर स्वर पूरे पंडाल में गूंजते रहे। “हर-हर महादेव” और “बोल बम” के जयघोषों से वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति में इतने तल्लीन रहे कि समय का आभास ही नहीं हुआ। अग्रवाल महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि कथा आगामी दिनों तक प्रतिदिन आयोजित होगी, जिसमें भगवान शिव के विभिन्न चरित्रों, लीलाओं और आध्यात्मिक संदेशों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का उद्देश्य देश के ऐसे प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कर समाज में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। पुरस्कार के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान करने के साथ-साथ अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक बच्चे स्वयं अथवा उनके माता-पिता, शिक्षक, अधिकारी या अन्य व्यक्ति उनकी ओर से नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन केवल भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन हेतु पोर्टल 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के दौरान आवेदक को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, आधार संख्या सहित आवश्यक जानकारी दर्ज करनी होगी।

**खबर संक्षेप**



## जमीन अधिग्रहण करने मुआवजे के लिए एसईसीएल प्रबंधन का ग्रामीणों को नोटिस

**लखनपुर**। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जबरदस्ती ग्राम कटकोना सहित आसपास के ग्रामों में निवासरत करीब 157 ग्रामीणों को मुआवजा लेने नोटिस दिए जाने के बाद आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रामीणों से मिलने पहुंचा। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने ग्रामीणों के बीच पहुंच ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे जमीनो को जबरदस्ती बिना हमारे अनुमति के अधिग्रहण करने को कोशिश की जा रही है। हमारे ऊपर जबरदस्ती मुआवजा लेने का दबाव बनाया जा रहा है और मुआवजा नहीं लेने पर नोटिस थमाया गया है। ग्रामीणों ने कहा की हमें अपनी ज़मीन एसईसीएल प्रबंधन को नहीं देनी और न ही हमें कोई मुवावजा चाहिए। इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने ग्रामीण को समझाइश देते हुए कहा की आपसे आपकी ज़मीन कोई जबरदस्ती नहीं छीन सकता। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आपके ऊपर मुआवजा लेने का दबाव बनाया जाना सरासर ग़लत है आप सभी को एक जुट रहना होगा और कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। हमारे द्वारा इस ओर हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंह देव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, प्रदेश सचिव रणविजय सिंहदेव, रमेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह देव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसानों को रकबा अनुरूप खाद उपलब्ध कराने की मांग, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**राजपुर**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी ने किसानों को खरीफ सीजन में आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं वितरण कराने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया है कि मानसून के आगमन के साथ धान सहित खरीफ फसलों की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे समय किसानों को यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त आवश्यकता होती है, लेकिन पूर्व वर्षों में खाद की कमी, अनियमित आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था और कृषि कार्य भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने मांग की गई है कि जिले के सभी सहकारी समितियों एवं खाद वितरण केंद्रों में यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों के पंजीकृत रकबे के अनुसार खाद का वितरण किया जाए। साथ ही खाद की कालाबाजारी एवं कृत्रिम कमी पर प्रभावी रोक लगाने, वितरण केंद्रों में अतिरिक्त काउंटर एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा खाद उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है।

## ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म एसजीजीयू ई-टेस्ट का एमओयू



**अम्बिकापुर**। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म एसजीजीयू ई टेस्ट के संचालन एवं तकनीकी सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले की उपस्थिति में विवि के कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी तथा केआर टेक्निकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने हस्ताक्षरित किया। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों के लिए एसजीजीयू ई-टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा जिसके माध्यम से महाविद्यालय सीलए-1 एवं सीएलए -2 परीक्षाओं का संचालन डिजिटल माध्यम से कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म पर महाविद्यालयों को अलग-अलग लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे अपने विद्यार्थियों का पंजीयन, विषयवार प्रश्न अपलोड, परीक्षा की तिथि एवं समय निर्धारण तथा परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान केआर टेक्निकल कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष कान्त दुबे, उपाध्यक्ष राहुल जैन उपस्थित थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप डिजिटल परीक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### बरसात में कीचड़ से तो गर्मी में धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# दो दशक बाद भी नहीं हुई सिरकोतंगा पुहपुटरा जर्जर सड़क की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की जर्जर सड़क ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बरसात के मौसम में जहां क्षेत्र के लोग कीचड़ से परेशान थे वहीं अब धूल व जर्जर सड़क से हलकान हो गए है। ऐसे में अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले लगभग 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिली है। आलम यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और जैसे ही बरसात खत्म होता है तो सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है। सड़क के जर्जर तथा धूल के गुबार उड़ने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा –रजपुरी मार्ग एनएय 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है। सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। बारिश के दिनों में कीचड़ तो सूखा मौसम में धूल व जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।



**तीन गांव को जोड़ती है सड़क**

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**कई बार कर चुके है शिकायत**

इस मार्ग से मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं तथा सड़क की वास्तविक स्थिति से अवगत होने के बावजूद सड़क की हालत ज्यों कि त्यों पड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क की समस्या को लेकर पिछले साल ही दो बार जिला प्रशासन को अवगत किया। साथ ही एसईसीएल प्रबंधक से मुलाकात कर समस्या बताई। इसके अलावा सुशासन तिहार में भी शिकायत की गई लेकिन आज तक सड़क मरम्मत नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोग जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

**एसईसीएल कराएंगा निर्माण**

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा मार्ग काफी लंबा है अगर छोटा सीसी रोड होता तो निर्माण कराया जा सकता था। एसईसीएल की सड़क होने के कारण एसईसीएल द्वारा टेंडर कराकर निर्माण कराया जाएगा।

-प्रकाश सिंह, जनपद सीईओ



## बारिश से कीचड़ में तब्दील एनएच वाहन फंस रहे जाम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही एक बार फिर सामने आई। सड़क निर्माण के दौरान डाली गई मिट्टी और मुरुम बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गई, जिससे बुधवार सुबह एक भारी वाहन सड़क पर फंस गया। वाहन के फंसने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। काफी मशक्कत के बाद सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीनों की सहायता से वाहन को बाहर निकाला गया, तब जाकर आवागमन बहाल हो सकी।

बलरामपुर से अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का निर्माण इन दिनों जारी है। निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के कई हिस्सों में मिट्टी भराई का कार्य किया गया है। मंगलवार देर शाम क्षेत्र में हुई बारिश के कारण ग्राम झींगों में निर्माणाधीन सड़क का हिस्सा कीचड़युक्त हो गया। बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक भारी वाहन वहां से गुजरने के दौरान कीचड़ में फंस गया। वाहन के फंसते ही सड़क की दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री और वाहन चालक घंटों जाम में फंसे रहे। स्थिति को देखते हुए निर्माण में लगे जेसीबी और अन्य भारी मशीनों की मदद से फंसे वाहन को बाहर निकाला गया। इसके बाद यातायात बहाल हो हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली।



## तुलसी साहित्य समिति ने किया कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तुलसी साहित्य समिति ने मालवीय भवन में बीडी लाल की अध्यक्षता एवं सच्चिदानंद पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, पूर्णिमा पटेल और चंद्रभूषण मिश्रा के आतिथ्य में कवि सम्मेलन किया।

सम्मेलन डॉ.माधुरी जायसवाल की सरस्वती वंदना से प्रांरभ हुआ। बीडी लाल ने प्राण पपीहा पी-पी करता, अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने गर्मी ने अब छीन ली लोगों की मुस्कान, पूर्णिमा पटेल ने लिखते-लिखते तेरी कहानी कुछ, थम गई वक्त की रवानी कुछ, कृष्णकांत पाठक ने काश मैं भी बादल होता, देवेन्द्रनाथ दुबे ने अब तो हर इंसान के इमान पाए लगते हैं, संतोष दास सरल ने कोई हमदर्द मिले, दिन का दर्द बांट लूं, अमित प्रेम ने मिलने आते है मुझसे सारे गम तुम्हारे बिना, अजय सागर ने फिन न जाना सांवरी, तू मुझे यूं छोड़ के, राजेश पाण्डेय अब्र ने कम या ज्यादा हम होते हैं रचना सुनाई।

सम्मेलन में अंजू प्रजापति ने कुछ लोग उम्र में बड़े होते हैं, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने वहीं अंग्रेज और वही अंग्रेजी शासन, अंबरीश कश्यप ने अपनी नजरों से जो गिर जाओंगे, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जागों मेरे देश के शेरों, चंद्रभूषण मिश्र मृगांक ने लम्हा-लम्हा तेरा चेहरा सामने आता है, रामलाल विश्वकर्मा ने आर्यावर्त की पुण्य धरा पर, अवध में आए थे राम की प्रस्तुति दी। जेपी चौबे और प्रकाश कश्यप ने भी अपनी रचना का वाचन किया। आभार प्रदर्शन मुकुंदलाल साहू ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, सूर्यकांत दुबे और हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार शिविर में मिले 274 आवेदन, 94 मामलों का समाधान

**सोनगरा**। सुशासन तिहार अभियान के तहत विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत दुरती में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंचे, वहीं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी पूरी तत्परता के साथ उपस्थित रहकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान की दिशा में पहल की।

- बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में शिविर पहुंचे ग्रामीण

दुरती सेक्टर की 18 से अधिक ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। शिविर में कुल 274 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 94 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष 180 आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार चाहती है कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसलिए प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा ने भी संबोधित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से 9 वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपे गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इसके अलावा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, जनपद सीईओ अनिल तिवारी, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शरद चंद्र द्विवेदी, नपं अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, गोपाल शरण सिंह, राजकुमार गुप्ता, श्याम प्रजापति, मुकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अजीत गुप्ता, अनुराग द्विवेदी, रामदेव रजक, नागेंद्र सिंह, प्रतीक जायसवाल, अनुज सिंह, मुकेश गुप्ता, बसंत यादव, प्रतीक जायसवाल, विकास तिवारी, मीना श्रीवास्तव, पंचमणि सिंह, रंजय सिंह, डॉ. संतोष सिंह, साजिद शेख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलाओं को दिया जा रहा व्यवसायिक प्रशिक्षण

बिश्रामपुर। सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलाओं और छात्राओं के लिए ब्युटी पार्लर एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिसर बंगाली क्लब के पास बिश्रामपुर में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में महिलायें व छात्राएं इस अवकाश का उपयोग नए-नए ज्ञान प्राप्त करने में या ऐसा शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त करने में करती हैं, जो भविष्य में उनके कैरियर निर्माण में काम आए या उस विधा का उपयोग कर के वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। वर्तमान में कुशल प्रशिक्षिकाओं द्वारा ब्युटी पार्लर एवं कढ़ाई का बेसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो कि निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण प्राप्त करने से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ती है और मुश्किल समय में वे अपने परिवार को मजबूत आर्थिक सहायता दे पाती हैं। महिलाओं के सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होती है और वो समाज में एक घरेलु महिला के साथ एक सफल व्यवसायी के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में सफल होती है। स्वयं का काम संभालने से महिलाओं का मनोबल और अत्मविश्वास बढ़ता है, उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात भी जब तक कोर्स पूर्ण नहीं होता है, ये प्रशिक्षण कार्यक्रम निरन्तर चलता रहेगा।



### विकसित भारत जी राम जी अभियान के तहत 24 ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत

# नवा तरिया निर्माण से जिले के ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्रामीण विकास, जल संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में जिले में एक बड़ी पहल की गई है। कलेक्टर रेना जमील के निर्देशन एवं जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में जिले की 24 ग्राम पंचायतों में श्विकसित भारत जी रामजी अभियानश अंतर्गत 24 नए तालाब निर्माण को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी निर्माण के माध्यम से जिले के ग्रामीण श्रमिकों के लिए लगभग 1 लाख 50 हजार मानव दिवस का रोजगार सृजित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के पंजीकृत मजदूरों को उनके गांव एवं स्थानीय स्तर पर ही सीधे रोजगार उपलब्ध हो रहा है। इस पहल से न केवल ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि काम की तलाश में होने वाले पलायन में भी कमी आने की संभावना है। साथ ही नवा तरिया के निर्माण से वर्षा जल का बेहतर संग्रहण हो सकेगा, जिससे क्षेत्र के भू-जल स्तर में सुधार आएगा तथा आसपास के खेतों के लिए सिंचाई की सुविधाएं बढ़ेंगी। प्रशासन की योजना इन तालाबों को केवल जल संरक्षण तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि इन्हें सीधे ग्रामीणों की आजीविका से जोड़ने की है। इसके लिए विशेष कार्ययोजना के तहत स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तालाबों में मत्स्य पालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही तालाब के आसपास की भूमि पर सब्जी एवं अन्य नकदी फसलें उगाई जाएंगी तथा ग्रामीण समूहों के माध्यम से अन्य आयमूलक गतिविधियाँ विकसित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जाएगी। गांवों में चल रहे निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रमिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



## यूपी से ला रहे थे डीजल 2 आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर





मुखबिर की सूचना पर बसंतपुर पुलिस ने यूपी से डीजल की तस्करी करते 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनसे 11 जरीकेन में भरा 385 लीटर डीजल जब्त किया है। जब्त डीजल की कीमत 39655 रूपए बताई जा रही है।

- बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों से जब्त किया 11 जरीकेन में 385 लीटर डीजल

बसंतपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कार्पियों क्रमांक सीजी 16 सीई 9790 से दो व्यक्ति यूपी के आसनडीह से डीजल लेकर अवैध तरीके से आसनडीह की ओर जा रहे हैं। सूचना पर बसंतपुर पुलिस थाना के सामने से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा बताई गई स्कार्पियों पहुंची तो पुलिस ने रोककर उसकी जांच की। वाहन में ग्राम स्याही निवासी चालक गुल्लु कनौजिया पिता शिवदास कनौजिया (30वर्ष) एवं ग्राम मेंढारी निवासी साथी, राहुल जायसवाल पिता शंकर गुप्ता (22वर्ष) सहित वाहन की तलाशी ली तो 11 जेरीकेन में भरा 385 लीटर डीजल मिला। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## झाड़फूंक कराने पति नहीं ले गया मायके तो पत्नी ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। पति द्वारा झाड़ फूंक कराने के लिए मायके नहीं ले जाने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुड्डी बाई पति भुनेश्वर प्रसाद (47 वर्ष ) दिमागी हालत ठीक नहीं होने तथा अस्वस्थ्य रहने पर परिजन घरेलू उपचार के साथ झाड़ फूंक करा रहे थे। 26 मई की सुबह पति काम पर चला गया जबकि पत्नी कमरे में सो रही थी। काफी देर बाद भी नहीं उठी तो परिवार के लोगों ने भुनेश्वर को जानकारी दी। जब पति कमरे में पत्नी को उठाने गया तो देखा वह कांप नहीं है वहीं पास ही कीटनाशक का डिब्बा देख कीटनाशक पी लेने की आशंका पर तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



# जरूरी नहीं है हर समय परफेक्ट होना : विक्की

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने पिछले दिनों पत्नी के ऊपर एक इंटरव्यू में एक जोक किया था। इस वजह से उन्हें काफी आलोचना का सामना भी करना पड़ा था। लोगों ने सवाल उठाया था कि विक्की को ऐसे नहीं बोलना चाहिए था। अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने इस पर रिएक्ट किया है। आलोचना का जवाब देते विक्की ने कहा कि किसी भी पब्लिक फिगर सेलेब के लिए हर समय परफेक्ट होना जरूरी नहीं है। विक्की ने कहा कि उनका इस बात पर कोई कंट्रोल नहीं है कि लोग उन्हें कैसे देखते हैं। एक्टर ने कहा- 'ये कोई जरूरी नहीं कि अगर आप पब्लिक फिगर हैं तो आपको हर समय परफेक्ट होना है।

लाइफ Style

# ऋचा
## मत करो भिखारीपना हर जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान में एक भारतीय पर्यटक के चोरी करने की घटना वायरल हो गई है। इसे इन्वेस्टमेंट एडवाइजर मुथुकृष्णान धंदापानी ने ट्विटर पर शेयर किया था, जिन्होंने दावा किया कि वे भी उसी टूर ग्रुप का हिस्सा थे।

अब एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने इस रिपोर्ट पर रिएक्शन देते हुए एयरपोर्ट पर हुई एक घटना का ब्यौरा दिया है, जिसमें एक भारतीय परिवार उनसे पहले इमिग्रेशन लाइन में घुस गया था। ऋचा चड्ढा ने अपने एक्स अकाउंट पर इस खबर को दोबारा पोस्ट करते हुए अपना रिएक्शन बताया। उन्होंने लिखा, 'हर जगह ये भिखारीपन मत करो। सार्वजनिक जगहों पर खाना खाने के बाद जोर-जोर से डकार लेना, कूड़ा फेंकना, धक्का-मुक्की करना, लाइन तोड़ना, जोर-जोर से चिल्लाना और भीड़ में नाचना! छी!' एक भारतीय परिवार हमारे आगे इमिग्रेशन लाइन में घुस गया। मैंने उनसे इस बारे में बात की - तो वे भड़क गए, लेकिन फिर भी आगे बढ़ते रहे। अगले ही पल एक गोरे आदमी ने उनसे इस बारे में बात की और वे बेशर्मी से मुस्कुराए। आप हम सभी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए हम बाकी लोग आपको जाहिल कहते रहेंगे। इसी बीच, जापान मेंदुकान से सामान चोरी करने की घटना की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। धंदापानी के मुताबिक, एक ग्रुप ट्रिप के दौरान एक भारतीय महिला स्मृति चिन्ह की दुकान से सामान चुराते हुए पकड़ी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारे ग्रुप में शुरू से ही एक महिला चोरी कर रही थी। हमें इसकी जानकारी नहीं थी।



## हॉलीवुड मसाला



# द एंड ऑफ द... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** ऐनी हैथवे और इवान मैकग्रेगर की आनेवाली नई फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर फाइनली रिलीज हो चुका है। एक रात, एक रहस्यमयी घटना के साथ ही ओक स्ट्रीट की दुनिया पूरी तरह बदल गई। अब सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी वही दहशत है। ऐन हैथवे और इवान मैकग्रेगर की अपकमिंग फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जहां सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी दहशत है।



# इदरीस एल्बा को मिला नाइटहुड का सम्मान

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता इदरीस एल्बा को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह समारोह विंडसर कैसल लंदन में 2 जून को आयोजित हुआ था। इस खास मौके पर एल्बा के अलावा कई हस्तियों को भी सम्मानित किया। इनमें जेन टोरविल, क्रिस्टोफर डीन, मीरा स्याल भी शामिल थीं। हाइजैक स्टार इदरीस एल्बा को किंग चार्ल्स ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। लंदन में समारोह में राजा चार्ल्स ने कार्यकर्ता, संगीतकार, और अभिनेताओं को नाइट की उपाधि से सम्मानित किया। इसी मौके पर एड्रिस को युवाओं के लिए उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए नाइटहुड इस सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद एड्रिस एल्बा ने सोशल मीडिया पर राजपरिवार के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'हम इसके लिए आभारी हैं। हमारा काम इसी तरह चलता रहेगा।



# भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का ट्रेलर जारी हो गया है। यह फिल्म 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दौरान कामा अस्पताल में घटी सच्ची घटनाओं और वहां की नर्स की बहादुरी और उनकी मेहनत की अनसुनी कहानी को बताती है। यह फिल्म उस रात की कहानी है जब अस्पताल के अंदर फंसे लगभग 400 लोगों की जान बचाने के लिए मेडिकल स्टाफ ने अपनी जान दांव पर लगा दी थी। 2 मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत की कामा अस्पताल में और मुंबई में बाकी इलाकों में हुए आतंकी हमले के साथ होती है। इस ट्रेलर में नर्स के जीवन के बारे में दिखाया गया है। समाज में उन्हें किस नजर से देखा जाता है और लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। लेकिन, फिल्म का प्रमुख केंद्र 2008 में कामा अस्पताल पर हुए आतंकी हमले पर आधारित है।




# बनियान और शॉर्ट्स में पहुंचे मंदिर...

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' बस दो दिन बाद रिलीज होने वाली है और इसकी पूरी कास्ट बेसब्री से इसका इंतजार कर रही है। फैंस भी बहुत एक्साइटेड हैं। इन सबके बीच, अपनी फिल्म की रिलीज से पहले वरुण मंदिर दर्शन के लिए गए। वो काफी जल्दी में लग रहे थे और उन्होंने अकेले ही दर्शन किया। लेकिन उनकी एक गलती ने उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। मंदिर में वरुण के कपड़ों को देखकर उनकी भद पिट रही है। मंगलवार की सुबह वरुण धवन को मंदिर दर्शन करके वापस आते हुए देखा गया। उन्होंने गंजी और शॉर्ट्स पहना हुआ था। उनके माथे पर टीका भी लगा था। वरुण जल्दी में लग रहे थे। उन्होंने आते ही अपने जूते स्टैंड से निकाले और लेकर बाहर जाने लगे। लोगों ने इस वीडियो पर ढेर सारे कमेंट किए हैं।

## टीवी मसाला



# महाभारत की गांधारी ने मां बाप के लिए कुर्बान की जिंदगी

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' की तरह ही 80 के दशक में बी.आर. चोपड़ा की 'महाभारत' ने तहलका मचाया था। इसका भी हर कलाकार अपने निभाए किरदार के लिए हमेशा के लिए 'अमर' हो गया। हालांकि, इसके कुछ कलाकार अब जहां एक्टिंग छोड़ चुके हैं, तो कुछ इस दुनिया को अलविदा कह गए। वहीं, कुछ विदेश में बस गए। लेकिन, यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जिसने बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' में दुर्योधन की मां गांधारी का किरदार निभाया था। यह थीं रेणुका इसरानी, जिन्होंने टीवी पर कई और शोज किए, पर 'गांधारी' बनकर खूब नाम कमाया। लेकिन अफसोस कि रेणुका इसरानी को बाद में एक्टिंग छोड़नी पड़ी। वह 15 साल से शोबिज और एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं। यही नहीं, रेणुका इसरानी अब 59 साल की हो चुकी हैं, पर अकेली ही हैं। उन्होंने शादी भी नहीं की। इसकी वजह भी एक्ट्रेस ने एक बार एक इंटरव्यू में बताई थी। उन्होंने बताया था कि उनके माता-पिता बहुत बुजुर्ग हैं, जिन्हें लगातार देखभाल की जरूरत है। उनके पिता बोल नहीं सकते और सिर्फ साइन लैंग्वेज ही समझते हैं। इसलिए रेणुका ने उनकी खातिर एक्टिंग से दूरी बना ली थी। पर कुछ साल बाद उनके पैरेंट्स चल बसे और एक्ट्रेस अकेली रह गईं। रेणुका इसरानी ने कभी शादी भी नहीं की और इसकी एक अहम वजह उनके पैरेंट्स ही रहे। उन्हें अकेला न छोड़ना पड़े, इसलिए रेणुका कुंवारी ही रहीं और अब 59 साल की उम्र में भी वह कुंवारी ही हैं। वह अब बौद्ध धर्म की अनुयायी हैं और मुंबई के लोखंडवाला में लोगों को बौद्ध धर्म के प्रति जागरुक करती हैं।

## क्या शुभमन की बहन हैं शहनाज?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में सबका दिल जीतने वाली शहनाज गिल ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक मजेदार 'आस्क मी एनीथिंग' गेम खेला। इसमें उन्होंने अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। सबसे ज्यादा ध्यान तब गया जब क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन कहे जाने पर उन्होंने मजेदार रिएक्शन दिया। जब एक फैन ने उनसे पूछा, 'क्या आप शुभमन गिल की बहन हैं?' शहनाज का जवाब सीधा तो नहीं था, लेकिन मजेदार जरूर था। शहनाज गिल ने जवाब दिया, 'फैमिली ग्रुप चेक करके बताती हूं।' सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते ही फैंस ने इस पर जमकर रिएक्ट किया। एक और स्टोरी में उन्होंने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की भी तारीफ की और उन्हें अपना 'फेवरेट' बताकर सपोर्ट दिखाया। एक नेटिजन ने उनसे विराट कोहली के अलावा उनके पसंदीदा क्रिकेटर के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, 'वैभव सूर्यवंशी।'



# बीमारी की वजह से रामचरण की फिल्म पेद्दी छोड़ने वाले थे शिवा

**मुंबई।** तेलुगु फिल्म पेद्दी में रामचरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक अहम किरदार शिवा राजकुमार भी निभा रहे हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया की वह पेद्दी को शुरुआत फेज में ही छोड़ने वाले थे। 'पेद्दी' का प्रमोशन स्टार कास्ट जोर-शोर से कर रही है। चेन्नई में भी फिल्म का एक प्रमोशनल इवेंट हुआ। इस दौरान अभिनेता शिवा राजकुमार ने भावुक करने वाली बात फैंस को बताई। इस फिल्म से जुड़ने के सफर का जिक्र किया। पेद्दी को वह अपने कॅरियर की एक खास फिल्म मानते हैं।



चेन्नई के इवेंट में शिवा राजकुमार ने कहा, फिल्म पेद्दी की टीम बस मेरे साथ यह मूवी करना चाहती थी। जब बुची बाबू ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तो मुझे इसका सब्जेक्ट बहुत पसंद आया। उस दिन मैंने राम चरण से भी बात की थी। उसके बाद बदकिस्मती से मुझे कैंसर का पता चला और मुझे इलाज के लिए यूएस जाना पड़ा।' शिवा आगे कहते हैं, 'मैंने सोचा था कि फिल्म छोड़ देता हूं ,लेकिन बुची बाबू ने कहा कि वे मुझे ही फिल्म में देखना चाहते हैं। यह उनकी बहुत अच्छी बात थी और उन्होंने काफी लंबे समय तक मेरा इंतजार किया।'इस बात के लिए शिवा राजकुमार ने निर्देशक को शुक्रिया कहा। इवेंट में राम चरण ने भी शिवा की खूब तारीफ की। इस फिल्म में शिवा का कैमियो है। एक सीन के बारे में रामचरण ने बताया, जिसे वह आज भी नहीं भूलते हैं। शिवा की मौजूदगी ने उस सीन को यादगार बना दिया था। वह कहते हैं, 'जब शिवा कार में जाते हैं और सिगरेट वाला वह स्लो मोशन शॉट चलता है तो वे सीन आइकॉनिक बन जाता है। सच में इनकी आंखें बहुत कुछ बयां करती हैं।' रामचरण स्टारर फिल्म पेद्दी 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में देव्येंदु और जान्हवी कपूर के अलावा बोमन ईरानी जैसे बॉलीवुड एक्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म को बुची बाबू सना ने निर्देशित किया था।

# रातों-रात बन गईं थीं पूरे देश की क्रश, फिर हुआ कुछ ऐसा कि चली गई याददाश्त...

**नई दिल्ली।** 90 के दशक की शुरुआत में अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार सफलता के दम पर यह एक्ट्रेस पूरे देश की सबसे बड़ी क्रश बन गई थीं। लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ, जिसने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। यह कहानी है अनु अग्रवाल की, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया था। साल 1990 में आशिकी रिलीज हुई, जिसे महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल ने डेब्यू किया और दोनों ही एक झटके में सुपरस्टार बन गए। फिल्म की कहानी और दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन इसका म्यूजिक सबसे ज्यादा हिट रहा।नदीम-श्रवण के गानों ने इतिहास रच दिया और कुमार सानू जैसे सिंगर्स को भी नई पहचान मिली। नजर के सामने, धीरे-धीरे से, मैं दुनिया भुला दूंगा जैसे गाने आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।



***पहली फिल्म के बाद नहीं मिली सफलता*** : फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद अनु ने किंग अंकल, खल-नाइका, जनम कुंडली और रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ जैसी फिल्मों में काम किया। लेकिन उनकी कोई भी फिल्म आशिकी जैसी सफलता नहीं दोहरा पाई।

***कलर की वजह से हुई ट्रोलिंग*** : अनु ने बाद में यह भी बताया कि उस समय इंडस्ट्री में उनके डस्की लुक की वजह से उन्हें काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। एक बार तो उन्होंने एक मॉडलिंग असाइनमेंट छोड़ दिया क्योंकि उन पर गोरा मेकअप किया जा रहा था। उन्होंने साफ कहा था- 'अगर आपको मैं जैसी हूं वैसी पसंद हूं तो ठीक, नहीं तो कोई बात नहीं।'

***एक एक्सिडेंट से बदल गई जिंदगी*** : फिर साल 1999 में उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। उनका एक भयानक कार एक्सीडेंट हुआ, जिसमें वह 29 दिनों तक कोमा में रहीं। इस हादसे के बाद उनकी याददाश्त चली गई और उन्हें जिंदगी की बुनियादी चीजें भी दोबारा सीखनी पड़ीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि जब उनकी मां ने उन्हें आशिकी दिखाई, तो वह खुद को पहचान भी नहीं पाईं।

## आशा बोलीं- भारी भीड़ की वजह से हम नाव में नहीं चढ़ सके

# कटी पतंग की शूटिंग के दौरान लोग करने लगे पत्थरबाजी

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा की सीनियर एक्ट्रेस आशा पारेख हाल ही में म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में नजर आईं। उन्होंने होस्ट हर्ष लिंबाचिया के साथ मिलकर कल्ट क्लासिक फिल्म 'कटी पतंग' के मशहूर गाने 'जिस गली में तेरा घर' को फिर से पेश किया। स्पेशल रीक्रिएशन के बाद, आशा पारेख ने सुपरस्टार राजेश खन्ना वाले गाने के ओरिजिनल शूट का एक दिलचस्प बिहाइंड-द-सीन्स किस्सा शेयर किया। इस यादगार अनुभव के बारे में बात करते हुए, आशा पारेख ने कहा, 'इस गाने के लिए हम नैनीताल गए थे शूटिंग करने। उस समय राजेश खन्ना फिर झील तक पहुंचे और नाव में बैठना था, लेकिन इतनी भीड़ हो गई कि हम नाव में भी चढ़ नहीं पाए।' इस गाने के लिए हम नैनीताल गए थे शूटिंग करने। उस समय राजेश खन्ना फिर झील तक पहुंचे और नाव में बैठना था, लेकिन इतनी भीड़ हो गई कि हम नाव में भी चढ़ नहीं पाए।*

### भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि कैसे भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी। उन्हें राजेश खन्ना जी से मिलने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। हम पर इतने पत्थर आने लगे कि हम सोचने लगे, ये क्या हो रहा है?' भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी। उन्हें राजेश खन्ना जी से मिलने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। हम पर इतने पत्थर आने लगे कि हम सोचने लगे, ये क्या हो रहा है?



### सुरक्षा कारणों के चलते शूट रोक दी गई

उन्होंने आगे कहा कि फिल्ममेकर शक्ति सामंत के पास सुरक्षा कारणों के चलते शूट रोकने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं था। डायरेक्टर शक्ति सामंत ने कहा कि इस तरह से शूटिंग नहीं हो सकती है, तो उस दिन हमें पैक अप करना पड़ा। फिर यह गाना तब सूट किया गया, जब काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक

'कटी पतंग' की बात करें तो, 1971 में रिलीज हुई यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को राजेश खन्ना के करियर में भी एक मील का पत्थर माना जाता है, जिन्हें अक्सर बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार कहा जाता है।

### 'यह जो मोहब्बत है' जैसे सदाबहार गाने थे

शक्ति सामंत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ आशा पारेख थीं। फिल्म की कहानी प्यार, कुर्बानी, पहचान जैसी विषयों को छूने वाली थी। इसके यादगार साउंडट्रैक में 'यह शाम मस्तानी', 'प्यार दीवाना होता है' और 'यह जो मोहब्बत है' जैसे सदाबहार गाने थे, जो रिलीज के 55 साल बाद भी लोगों को पसंद आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गांव-गांव पहुंच रहे कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी

**रायगढ़।** खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा 1 जून से 15 जून तक जिले के गांवों में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गांव.गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा उन्हें टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड लैलूंगा के ग्राम पहाड़ लुड़ेग में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों से संवाद कर विभिन्न कृषि योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी गई। चौपाल में किसानों को खेत बचाओ अभियानए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आशा योजना तथा सुगंधित जवांफूल धान की खेती के क्षेत्र विस्तार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सुगंधित जवांफूल धान की बाजार में अच्छी मांग है तथा इसके चावल को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बच्चों की असाधारण प्रतिभा, साहस और समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार देश के उन प्रतिभाशाली बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित छह श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। ऐसे बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई तक 18 वर्ष से कम हो तथा जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान दिया हो, वे राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### अधिकारियों को दी गई 1076 की ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** सीएम हेल्पलाइन में नागरिकों के हक, पात्रता के बावजूद राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं हो रहा, उसे त्वरित रूप से निराकरण करने की मंशा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की है, जिसे आम आदमी तक पहुंचाने के लिए 1076 सीएम हेल्पलाइन प्रारम्भ की जा रही है। भविष्य में इसका शुभारम्भ के बाद कार्य प्रारम्भ होगा। सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्र देने के 4 माध्यम है, इसमें 1076 डायल कॉल, पोर्टल, वाट्सअप पेज, मुख्यमंत्री विष्णु देव के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर शामिल है। इसमें जो आवेदन लिख नहीं पाते उनके लिए कॉल बैक करने का अनुरोध का भी विकल्प है, जिससे उनको कॉल बैक कर उनके आवेदन को दर्ज किया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 1076 हेल्पलाइन नंबर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

इमिल एक्का (EMIL EKKA) पिता स्तानिसलास एक्का (ESTANISLAS EKKA) उम्र-63 वर्ष जाति-उरांव, निवासी ग्राम चराईखारा मकान नंबर 62, जोकबहला, थाना-नारायणपुर, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) की निवासी होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुनकुरी में बचत खाता क्र. 11233727417 है।
3. यह कि शपथकर्ता के आधार संख्या 2740 8615 8964 में शपथकर्ता का नाम अंग्रेजी में त्रुटि वश IMIL EKKA दर्ज हो गया है।
4. यह कि शपथकर्ता के आर्मी डिस्चार्ज बुक संख्या 1131/2001 में इमिल एक्का (EMIL EMIL EKKA) दर्ज है जो सही है।
5. यह कि इमिल एक्का (EMIL EKKA) एवं IMIL EKKA दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात शपथकर्ता का ही नाम है।
6. यह कि शपथकर्ता का यह शपथ पत्र अपने आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि वश नाम के जगह वास्तविक नाम इमिल एक्का (EMIL EKKA) दर्ज कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा है।

शपथकर्ता
इमिल एक्का (EMIL EKKA)

## एसएसपी की उपस्थिति में कमतरा में युवा मिलन समारोह

# कमतरा, कुनकुरी नशा मुक्त ग्राम, ग्रामीणों ने लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी ब्लाक के ग्राम कमतरा में 4 जून गुरुवार को युवा मिलन समारोह का आयोजन हुआ, इस कार्यक्रम में डीआईजी एवं एसएसपी डा.लाल उमेद सिंह, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक कुंजराम चौहान, थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, मोरिस मिंज (सेवा निवृत्त भारतीय सेना), जशपुर एथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुजूर, ग्राम सरपंच, सचिव श्रीमती रेशमा यादव एवं अन्य ग्रामीणजन सहित भारी संख्या में छात्र,छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे। मंच का संचालक असीम टोप्पो के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत महतारी वंदन, राष्ट्रगान से की गई, स्वागत गीत ग्राम घुईटांगर के व्यक्तियों के द्वारा गाया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम में नशा-मुक्ति एवं यातायात नियम के विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र व छात्रायें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये। विजेताओं को डीआईजी एवं एसएसपी द्वारा पुरष्कृत किया गया। पुलिस की कार्यवाही के बारे में रितिका मिंज द्वारा बताया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र हुए पुरस्कृत,मिला मार्गदर्शन

ग्राम के कक्षा 1 ली कक्षा के उत्कृष्ठ छात्र अभिराज कुजूर, 2 री कक्षा के आजमी एक्का, 3 री कक्षा के एरिक जयश खलखो, 4 थी कक्षा के मिस्टी मिंज, 5 वीं कक्षा के प्रज्ञा निधि कुजूर, 6 वीं कक्षा के बीरा बाई, 7 वीं कक्षा के भूपेन्द्र राम, 8 वीं कक्षा के नितिन राम, 9 वीं कक्षा के नितिन राम, 10 वीं कक्षा के तनिषा सिंह, 11 वीं कक्षा के अतुल टोप्पो, 12 वीं कक्षा में खुशबू पन्ना द्वारा उच्चतम अंक लाने पर डीआईजी एवं एसएसपी द्वारा पुरष्कृत किया गया, साथ ही उनका करियर मार्गदर्शन किया गया।



### कमतरा का नशामुक्त होना गर्व और प्रेरणा का विषय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डां.लाल उमेद सिंह ने ग्राम पंचायत कमतरा के नशा मुक्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि ग्रामीणों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से गांव में नशा मुक्ति की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और जब युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपना योगदान देते हैं, तब समाज तेजी से प्रगति करता है।

### नशा अंदर से खोखला कर देता है

डां. सिंह ने नशे की शुरुआत और उसके दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश लोग जिज्ञासा, साथियों के दबाव अथवा शौक के रूप में नशे की शुरुआत करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत लत का रूप ले लेती है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित करता है, स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तथा परिवार और समाज में अनेक समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि नशा धीरे-धीरे इंसान को अंदर से खोखला कर देता है और उसके उज्ज्वल भविष्य को अंधकारमय बना देता है।

### हेलमेट एवं शिटबेल्ट जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक

इस अवसर पर उन्होंने युवाओं एवं ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश जनहानि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं परिचितों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

### ग्रामीणों की सामूहिक सहमति

गौरतलब है कि ग्राम कमतरा के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक सहमति एवं संकल्प के साथ ग्राम कमतरा को "नशा मुक्त ग्राम" घोषित किया गया है। इस निर्णय के तहत ग्राम के सभी नागरिकों ने यह संकल्प लिया है कि गांव में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेगा तथा न ही किसी भी प्रकार की नशीली सामग्री का विक्रय, भंडारण अथवा अवैध कारोबार होने दिया जाएगा। ग्रामवासियों ने नशा मुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण हेतु एकजुट होकर यह महत्वपूर्ण पहल की है, जिससे युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिल सके और गांव का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों का यह प्रयास सामाजिक जागरूकता, जनसहभागिता एवं सामुदायिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

### अनिमेश कुजूर इसी ग्राम के

विश्वपटल पर एथेलेटिक का परचम लहराने वाले अनिमेश कुजूर इसी ग्राम पंचायत के घुईटांगर ग्राम के निवासी हैं जो युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। ग्राम पंचायत कमतरा में शिक्षा, युवा सशक्तिकरण एवं नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अनिमेष कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा गांव को नशा मुक्त एवं शिक्षित बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों का आभार प्रगट किया गया।

# नशामुक्त भारत अभियान को मिलेगा जनभागीदारी का बल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ई-प्रतिज्ञा (ई-प्लेज) अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को ऑनलाइन नशामुक्ति शपथ दिलाने तथा समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। ई-प्रतिज्ञा के माध्यम से नागरिक ऑनलाइन शपथ लेकर नशे के विरुद्ध जनआंदोलन का हिस्सा बन सकेंगे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने निर्देश जारी कर सभी विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ई-प्रतिज्ञा क्यूआर कोड का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवा समूहों, राष्ट्रीय

**वेबसाइट एवं क्यूआर कोड स्कैन करके लिया जा सकता है शपथ**

सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवकों तथा आम नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में ऑनलाइन शपथ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। अभियान के अंतर्गत रैली, कार्यशाला, संगोष्ठी, शपथ समारोह, खेलकूद प्रतियोगिता एवं अन्य जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। सोशल मीडिया, सूचना पटल एवं अन्य उपयुक्त माध्यमों से भी अभियान को लोगों तक पहुंचाया जाएगा।



# दुलदुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीयर सपोर्ट मीटिंग

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के सहयोग से संगवारी संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में सिकल सेल ओपीडी के साथ-साथ पीयर सपोर्ट मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल से प्रभावित मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, परामर्श एवं मानसिक सहयोग प्रदान करना था।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला की प्रभारी बीएमओ डॉ.अंजली निराला, सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका, जिला अस्पताल से योग चिकित्सक डॉ.कृपाचार्य यादव, संगवारी संस्था के सहायक जिला समन्वयक विक्रम प्रामाणिक तथा स्टाफ नर्स रीतू मंडल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 22 सिकल सेल मरीजों एवं उनके परिजनों सहित कुल 40 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान चिकित्सकों ने बढ़ती गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य की विशेष देखभाल, पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। योग चिकित्सक डॉ. कृपाचार्य यादव ने प्रतिभागियों को अनुलोम - विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं तिर्यक ताड़ासन सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि नियमित योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल बीमारी की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि विवाह से पूर्व सिकल कुंडली मिलान, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय सलाह के अनुसार समय पर दवा सेवन करने से इस बीमारी के प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उपस्थित लोगों को सिकल सेल के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। पीयर सपोर्ट मीटिंग में मरीजों और उनके परिजनों ने अपने अनुभव भी साझा किए। विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम ने सिकल सेल से प्रभावित परिवारों को नई जानकारी, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**खास बात**

- विशेषज्ञों ने स्वस्थ जीवनशैली और सिकल सेल बचाव की दी जानकारी





# हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभः भगत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में आयोजित "सुशासन तिहार 2026" के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इसी क्रम में जशपुर जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत बोकी में 29 मई को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में इचकेला, सालेकेरा, आरा, बोकी, बरगांव, नारायणपुर, बालाछापर, गम्हरिया, रेगोला, सिटोंगा, कनमोरा, पुरनानगर, किनकेल, लुईकोना एवं सारूडीह सहित 15 गांवों के ग्रामीणों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में लगभग 200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से त्वरित ही सकने वाले आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया तथा शेष आवेदनों के को निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम श्री विश्वास राव मस्के ने की।

### प्रधानमंत्री आवास से साकार हुआ पक्के घर का सपना

शिविर के दौरान तारकेश्वर सिंह, कमला देवी एवं कैलाश राम को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके नए आवास की चाबी प्रदान की गई। अपने पक्के घर का सपना पूरा होने पर तीनों हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब उनके परिवार को सुरक्षित और स्थायी आवास की सुविधा मिल सकेगी।

### विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। आरा के पुरनापानी निवासी दिव्यांग सुरेंद्र राम को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसके अलावा 10 ग्रामीणों को राशन कार्ड, 6 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा 4 किसानों को खाद वितरित किया गया।

# पानी की गंभीर समस्या, कांग्रेसियों ने किया नगर पालिका का घेराव



**खरसिया।** नगर कांग्रेस के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस और पानी से पीड़ित लोगों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर नगर में होने वाली पानी की समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया और जल्द ही इसके निराकरण के लिए निवेदन किया। खरसिया नगरपालिका क्षेत्र में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है आमजनो को पानी लेने के लिए दूर दूर तक जाना पड़ रहा है।

खरसिया में वार्ड नं 01 में नया मोहल्ला, वार्ड नं 02 शीतला माता मंदिर के आसपास, वार्ड नं 02 मे ही शीतला मंदिर के पास गोड़ मोहल्ला सिदार पारा पंचवटी होटल के पीछे के पास वार्ड नं 03 में धनसाय घर के आसपास रवि साहू घर के आसपास, वार्ड नं 04 में हरिजन मोहल्ला में भागीरथी कनेक्शन नही दिया गया है। हाजी कालोनी, दर्जी मोहल्ला में पानी की तकलीफ है, वार्ड नं 06 में केंवटा मोहल्ला पनखटिया पार एवं वार्ड नं 07 में मटखनवा पार, पनखतिया गली तथा वार्ड नं 09 की एवं 06 की मेन रोड वार्ड नं 06 सिवील लाईन तथा वार्ड नं 09 का संवरा पारा में पानी की उपलब्धता नही है, वार्ड नं 10 धर्मेन्द्र घर के पास एवं गणेश चौहान तथा पूरे वार्ड में पानी की समस्या है, वार्ड नं 11 बुजाराम गली तथा चेतराम मंदिर के पास तथा जानकी धर्मशाला के पास वार्ड नं 13 में गोदावरी भवन के पास, वार्ड नं 14 सिंघी कालोनी, बघेल मोहल्ला, नया मोहल्ला, वार्ड नं 15 में सजय नगर, छपरीगंज में भीषण जल संकट, वार्ड नं 16 में न्यू बस स्टैण्ड रोड, कमला नेहरु स्कुल के पिछे, वार्ड नं 17 में दूर्गा मंदिर के पास एवं तालाब के पासए तथा वार्ड नं 18 में एफसीआई मोहल्ला तथा पूरा वार्ड में पानी की दिक्कत है। नगरपालिका द्वारा महज 8 टेंकरो से पानी पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अपर्याप्त है। पानी जीवन के लिए अतिआवश्यक है इसकी पर्याप्त उपलब्धता करवाना नगरपालिका की पूर्ण जिम्मेदारी है इसके लिए सभी वार्डों से पानी के लिए परेशान नागरिक अपने हस्ताक्षर करके आपके समक्ष पानी की मांग कर करने नगर पालिका आए है। इसके अलावा बुनियादी सुविधाएं जो एक आम नागरिक को मुहैया होती है उसमें भी नगरपालिका द्वारा अनदेखी की जा रही है।

> नगर सरकार भ्रष्टाचार में व्यस्त है, 15 मिनट की बारिश में नाले धरसायी हो गए, 500 रुपए लेकर पानी टैंकर दिया जा रहा, नल जल का पानी सप्ताह में 3 दिन ही आ रहा। अध्यक्ष बोल रहे 40 टैंकर से पानी सप्लाई हो रही जबकि नगर पालिका में मात्र 8 टैंकर ही है।
> **सुनील शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष**

> खरसिया का वाटर लेवल काफी डाउन हो गया, प्रभावित जगहों पर लगातार पानी सप्लाई की जा रही है, जल आवर्धन योजना का पानी हर दिन सभी को मिले उसके लिए नपा की टीम लगातार कार्य कर रही है, लाइट बड़ी बाधा बन रही, कांग्रेस अपने कार्यकाल की एक उपलब्धि बताए।
> **कमल गर्ग, नपा अध्यक्ष खरसिया**

> नगर में जल आवर्धन योजना से पानी सप्लाई की जा रही, प्रभावित जगहों पर टैंकर से पानी भेजा जा रहा, पानी के पैसे नही लिए जा रहे, निजी कार्य के लिए टैंकर मंगवाने पर नियमानुसार रसीद काटी जाती है।
> **श्रीमती नीतू अग्रवाल सीएमओ खरसिया**

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्वच्छ एवं हरित ...

मंत्री एवं मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार, उप संचालक पंचायत कुसुम बड़ा, जनपद पंचायत बगीचा की अध्यक्ष गायत्री नागेश तथा जिला जशपुर के एडीपीएम नवनीत कुमार साहू भी मौजूद रहे।

### थाने के पास...

घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान को आम लोग सुरक्षा और न्याय का केंद्र मानते हैं, उसी थाना परिसर में एक आदिवासी महिला द्वारा फांसी लगाकर जान दे देना बेहद चिंताजनक और संवेदनशील मामला है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आखिर महिला किन परिस्थितियों में थाना तक पहुंची और वहां ऐसा क्या हुआ कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।

### रिकॉर्डिंग सार्वजनिक ...

सार्वजनिक की जानी चाहिए। उनका कहना है कि रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट हो जाएगा कि महिला मानसिक तनाव में थी, किसी से भयभीत थी या किसी अन्य कारण से परेशान थी। यदि पुलिस ने उसकी बात सुनने के बाद भी पर्याप्त कदम नहीं उठाए तो यह और भी गंभीर विषय बन जाता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तकनीकी साक्ष्यों को सार्वजनिक करना जरूरी है, ताकि लोगों के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके। एसएसपी बोले- जांच जारी?नगर पंचायत अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान एसएसपी डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने मामले की जांच जारी होने की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। हालांकि अब तक पुलिस की ओर से घटना के सभी पहलुओं को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इधर, मुख्यमंत्री के गृह जिले में हुई इस घटना ने लोगों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की नजर जांच पर टिकी है कि आखिर एक आदिवासी महिला थाना परिसर तक क्यों पहुंची और किन परिस्थितियों में उसने अपनी जान दे दी।

### संपूर्ण सृष्टि के ...

जिसमें श्रद्धालु पूरे समय भक्ति रस में सराबोर रहे। प्रथम दिवस की कथा में महाराज श्री ने बताया कि "शिव" केवल एक नाम नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का प्रतीक हैं। शिव का स्मरण मनुष्य के जीवन के दुःखों का निवारण कर उसे आत्मिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने भगवान शिव को दया, करुणा, त्याग और कल्याण का स्वरूप बताते हुए कहा कि उनकी आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। कथा के दौरान माता पार्वती के तप, त्याग और समर्पण की भी भावपूर्ण व्याख्या की गई। महाराज श्री ने कहा कि माता पार्वती का जीवन धैर्य, संयम और अटूट संकल्प का अनुपम उदाहरण है। उनके कठोर तप और अटल भक्ति के कारण ही उन्हें भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

## जलजनित एवं मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक तैयारियां

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विभाग अलर्ट

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ जिले में जलजनित, वाहकजनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम, नियंत्रण एवं त्वरित उपचार के लिए जिलेभर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने नागरिकों से स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य संस्थाओं से संपर्क करने की अपील की है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों, ओआरएस पैकेट, क्लोरीन टैबलेट, एंटीबायोटिक्स एवं अन्य चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। संभावित प्रभावित क्षेत्रों एवं दुर्गम ग्रामों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की महामारी या बीमारी के प्रकोप की स्थिति में तत्काल नियंत्रणात्मक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने नागरिकों से केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पानी को उबालकर अथवा क्लोरीनयुक्त कर ही सेवन करें। साथ ही कुओं, हैंडपंपों एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखें तथा घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें। बरसात के मौसम में बासी, दूषित एवं खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने तथा फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने की सलाह भी दी गई है।

### बचाव के लिए बरतें सावधानी

मलेरिया, डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए नागरिकों से मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा घर और आसपास जलभराव नहीं होने देने की अपील की गई है। कूलर, पानी की टंकी, गमले, पुराने टायर एवं अन्य पात्रों में जमा पानी को नियमित रूप से खाली करने की सलाह दी गई है, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, दस्त, उल्टी, पेट दर्द, कमजोरी, सिरदर्द, शरीर दर्द, पीलिया अथवा अन्य संक्रामक रोगों के लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब किए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें। स्वयं दवा लेने से बचें और चिकित्सक की सलाह अनुसार ही उपचार कराएं। बच्चों में दस्त की स्थिति में ओआरएस घोल एवं जिंक का उपयोग अत्यंत लाभकारी माना गया है।

**चल रहा जन-जागरूकता अभियान-** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, जल स्रोतों की निगरानी, साफ-सफाई तथा रोग नियंत्रण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अपने परिवार को बीमारियों के प्रति जागरूक करें।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त